बिजली कंपनी में भर्ती को 15 से आवेदन

पटना। बिजली कंपनियों में 2600 से अधिक पदों पर नियमित बहाली को लेकर अब 15 जून से 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिए जायेंगे। इन पदों को लेकर परीक्षा की संभावित तिथि अगस्त या सितंबर रखी गयी है।

मंगलवार को बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी ने 15 जून से ऑनलाइन आवेदन लिये जाने की सैद्धांतिक मंजूरी दी। इन पदों को लेकर मार्च में ही विज्ञापन निकाला गया था और एक अप्रैल 2024 से आवेदन लिये जाने थे। लेकिन, पहले तकनीकी कारणों और बाद में आदर्श आचार संहिता को देखते हुए प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था।